दिन– शुक्रवार

दिनांक– 25 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बिहार समेत अन्य राज्यों को पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान सुनिश्चित कर समय सीमा के भीतर उनके देश भेजने का निर्देश दिया।

02. नीट पेपर लीक का मुख्य आरोपी संजीव मुखिया पटना से गिरफ्तार। पांच मई, दो हजार चौबीस से फरार था।

03. राज्य सरकार ने मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मिकीनगर, भागलपुर और सहरसा में एयरपोर्ट निर्माण के सर्वे के लिए धन राशि आवंटित की।

04. और, राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में भीषण लू का प्रकोप जारी। तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड अधिकतम तापमान के साथ भागलपुर और रोहतास प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में आज सभी मुख्यमंत्रियों से बात कर पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा इस महीने की सत्ताईस तारीख से रद्द कर दिए जाएंगे। इसके अलावा मेडिकल वीजा भी इस महीने की उनतीस तारीख तक ही वैध रहेंगे। इस बीच, पटना जिले में ठहरे सत्ताईस पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर दिया गया है।

---

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आज सूचित किया कि श्रीनगर से दो विशेष उडानों से एक सौ तिरासी यात्री कल सुरक्षित अपने घर वापस पहुंच गये। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यात्रियों के लिए निशुल्क उड़ानों की व्यवस्था की गई। मंत्रालय ने बताया कि तीसरी उड़ान से दो सौ बत्तीस से अधिक यात्री वापस आ रहे हैं। अब तक लगभग पांच सौ लोग अपने घर सुरक्षित पहुंच चुके हैं। इन प्रयासो से मुशकिल घड़ी में

प्रत्येक नागरिक की सहायता के लिए मजबूती से खड़े होने की सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि पहलगाम की घटना कश्मीर में पर्यटन को खत्म करने की एक बड़ी साजिश है। श्री हुसैन ने कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ शुरू से एकजुट रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना से पाकिस्तान एक बार फिर पूरी दुनिया में बेनकाब हो चुका है।

---बाइट---

---

इधर, पहलगाम आतंकी हमले पर राज्यभर में आक्रोश देखा जा रहा है। आज जुमा की विशेष नमाज के दौरान पटना सहित प्रदेश के जिलों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। इस दौरान आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

---

नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। संजीव मुखिया पर बिहार पुलिस ने तीन लाख का इनाम घोषित किया था। आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैय्यर हसनैन ख़ान ने बताया कि एसटीएफ और आर्थिक अपराध इकाई की संयुक्त कार्रवाई के दौरान दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ स्थित एक अपार्टमेंट से संजीव मुखिया को गिरफ्तार किया गया है। वह लंबे समय से फरार था। श्री खान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है।

---बाइट---

संजीव मुखिया पर आरोप है कि उसने नीट परीक्षा में छात्रों से चालीस–चालीस लाख रुपये लेकर प्रश्नपत्र लीक किया। वर्ष दो हजार सोलह की सिपाही भर्ती परीक्षा में भी पेपर लीक मामले में उसका नाम जुड़ा था। इसके अलावा बीपीएससी शिक्षक बहाली घोटाले में वह पहले ही जेल जा चुका है।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के छह जिलों– मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मिकिनगर, भागलपुर और सहरसा में एयरपोर्ट निर्माण सर्वे के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इन जिलों में एयरपोर्ट के सर्वे के लिए दो करोड़ तैंतालीस लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। कैबिनट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

–––बाइट–––

बैठक में तीन हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की भी स्वीकृति मिली है। इसमें पशुपालन विभाग में सबसे अधिक दो हजार एक सौ उनसठ पदों पर नियुक्ति होगी। वहीं, नगर विकास विभाग में छह सौ तिरेसठ, शिक्षा विभाग में पांच सौ छब्बीस, खेल विभाग में दो सौ चौवालीस और राजस्व विभाग में एक सौ पचासी पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

मंत्रिमंडल ने सीतामढ़ी जिले में स्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तरह पूरी तरह विकसित करने को भी मंजूरी प्रदान की। इसके लिए उसी डिजाईन कंसल्टेंट का चयन किया गया है, जिसने अयोध्या में राम मंदिर का डिजाईन बनाया था।

–––बाइट–––

वहीं, राज्य में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस के आयोजन को मंजूरी दी गयी है। इसके लिए एक सौ उन्नीस करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है।

---

नीतीश सरकार ने नए सिरे से मंत्रिमंडल के सदस्यों को जिलों के प्रभार का दायित्व सौंपा है। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को पटना वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जदयू कोटे के तीन मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी और श्रवण कुमार दो–दो जिला के प्रभारी मंत्री बने रहेंगे। भाजपा कोटे के जिन मंत्रियों के पास अभी तक दो जिलों का प्रभार था उनसे एक जिला वापस ले लिया गया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार, सत्ताईस अप्रैल को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है।

---

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी और सुपौल जिले के कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना सहित पंद्रह जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार छब्बीस अप्रैल से राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व बिहार के कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

———बाइट———

भीषण गर्मी को देखते हुए अरवल जिला प्रशासन ने कल से तीस अप्रैल तक जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पठन–पाठन का कार्य पूर्वाह्न ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट तक निर्धारित किया है।

---

दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने के उद्देश्य से रनवे के विस्तार के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा मांगी गई नब्बे एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत दो सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की राशि जिला प्रशासन दरभंगा को हस्तांतरित कर दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए राज्य सभा सांसद और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने पर उत्तर बिहार में विकास को नई गति मिलेगी।

---

बिहार आईटी पॉलिसी के तहत राजधानी पटना के बिहटा में देश की दो प्रमुख कंपनियां बेंचमार्क और लेक्सा लाईटिंग टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड अपने संयंत्र स्थापित करेगी। राज्य के सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने आज बिहटा के सिकन्दरपुर में दोनों संयंत्रों की आधारशिला रखी। इन संयंत्रों के शुरू होने से अगले दो वर्षों में लगभग आठ सौ लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इस अवसर पर आईटी मंत्री ने कहा कि इन निवेशों से बिहार पूर्वी भारत में एक मजबूत आईटी हब के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा।

———बाइट———

---

आज विश्व मलेरिया दिवस है। मलेरिया के बारे में जागरूकता बढाने और इस रोग पर नियंत्रण, रोकथाम तथा इसे पूर्णरूप से समाप्त करने संबंधी उपायों को बढावा देने के लिए यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर वर्ष मनाया जाता है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स के चिकित्सा विभाग के डॉ. पीयूष रंजन ने बताया की इस बीमारी से बचने के लिए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कहीं भी आस–पास पानी जमा ना हो।

———बाइट———

बीमारी से बचे रखने के लिए जैसे हम आसपास साफ–सफाई, जागरूकता, हर सप्ताह कम से कम आधा घंटा समय लगाएं अपने आसपास जो है डेढ सौ, दो सौ मीटर का चक्कर लगाएं और कहीं पर भी पानी को अगर आप ना जमा होने देते हैं तो आप जितनी भी वेक्टर बोर्न डिजीज हैं मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया उससे बच सकते हैं।

---

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। कार्यक्रम के बीच एक छात्र अचानक सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए मंच के बेहद करीब पहुंच गया और नारेबाजी शुरू कर दी। उसने अपनी शिकायतों से जुड़ी पर्चियां भी हवा में उड़ा दीं। जिससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। छात्र द्वारा फेंकी गई पर्चियों में विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं, परीक्षा परिणामों में देरी और छात्र हितों की अनदेखी जैसे मुद्दे दर्ज थे। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्र को हिरासत में ले लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के कुंडवा चैनपुर रेलवे स्टेशन के समीप आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक से खोले गए कई पेंड्रौल क्लिप के साथ मदरसे के दो छात्रों को हिरासत में लिया है। आशंका जतायी जा रही है, कि ये लोग ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया है। इसको लेकर पुलिस और आरपीएफ ने पकड़े गये दोनों छात्रो से पूछताछ और जांच शुरू कर दी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार ने बिहार समेत अन्य राज्यों को पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान सुनिश्चित कर समय सीमा के भीतर उनके देश भेजने का निर्देश दिया।

02. नीट पेपर लीक का मुख्य आरोपी संजीव मुखिया पटना से गिरफ्तार। पांच मई, दो हजार चौबीस से फरार था।

03. राज्य सरकार ने मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मिकीनगर, भागलपुर और सहरसा में एयरपोर्ट निर्माण के सर्वे के लिए धन राशि आवंटित की।

04. और, राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में भीषण लू का प्रकोप जारी। तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड अधिकतम तापमान के साथ भागलपुर और रोहतास प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।